यह निरीक्षण प्रतिवेदन कार्यालय जिला परियोजना अधिकारी, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, देहारादून, उत्तराखंड, द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर तैयार किया गया है। कार्यालयाध्यक्ष द्वारा उपलब्ध करायी गयी किसी त्रुटिपूर्ण अथवा अधूरी सूचना के लिए कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा), उत्तराखण्ड, देहरादून की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

कार्यालय जिला परियोजना अधिकारी, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, देहरादून, उत्तराखंड के माह अप्रैल 2015 से मार्च 2018 तक के लेखा अभिलेखों की लेखापरीक्षा पर आधारित निरीक्षण प्रतिवेदन, जो श्री सुनील दत्त, एवं श्री मुकेश कुमार सहायक लेखापरीक्षा अधिकारियों द्वारा दिनांक 15.12.2018 से 26.12.2018 तक श्री एस° के° वर्मा, लेखापरीक्षा अधिकारी के पूर्णकालिक पर्यवेक्षण में सम्पादित किया गया।

## भाग-I

**1. परिचयात्मकः** इस इकाई की विगत लेखापरीक्षा श्री वीरेंद्र सिंह व0 ले0 प0 तथा श्री अरिंदम चटर्जी सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी, द्वारा दिनांक 14.12.2015 से 24.12.2015 तक श्री प्रेमचन्द्र, लेखापरीक्षा अधिकारी के पर्यवेक्षण में सम्पादित की गयी थी। जिसमें माह 04/2010 से 03/2015 तक के लेखा अभिलेखों की जांच की गयी थी। वर्तमान लेखापरीक्षा में माह 04/2015 से 03/2018 तक के लेखा अभिलेखों की जांच की गयी।

**2. इकाई के क्रियाकलाप एवं भौगोलिक अधिकार क्षेत्र: (i)** इकाई का क्रियाकलाप राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान का सफल क्रियान्वन करना है एवं इसका भौगोलिक अधिकार क्षेत्र सम्पूर्ण देहरादून जिला है।

(ii) (अ) विगत तीन वर्षों में बजट आवंटन एवं व्यय की स्थिति निम्नवत हैः

*(₹ लाख मे)*

***RMSA***

| वर्ष | योजना का नाम | प्रारम्भिक अवशेष | आवंटन | व्याज | व्यय | अंत शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **2015-16** | ***RMSA*** | 143.15 | 1857.98 | 13.87 | 2007.07 | 7.93 |
| 2016-17 | ***RMSA*** | 7.93 | 1603.19 | 4.93 | 1583.16 | 32.89 |
| 2017-18 | ***RMSA*** | 32.89 | 1578.51 | 17.88 | 1578.59 | 50.68 |
| **योग** | | **183.97** | **5039.68** | **36.68** | **5168.82** | **91.50** |


***IEDSSA***

| वर्ष | योजना का नाम | प्रारम्भिक अवशेष | आवंटन | व्याज | व्यय | अंत शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2015-16 | *IEDSSA* | 1.95 | 0.74 | 0.12 | 8.77 | 0.74 |
| 2016-17 | *IEDSSA* | 0.74 | 12.81 | 0.08 | 13.37 | 0.25 |
| 2017-18 | *IEDSSA* | 0.25 | 5.98 | 0.04 | 9.62 | 0.25 |
| **योग** | | **2.95** | **29.83** | **0.24** | **31.77** | **1.25** |

## GIRLS HOSTEL

| वर्ष | योजना का नाम | प्रारम्भिक अवशेष | आवंटन | व्याज | व्यय | अंत शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2015-16 | GIRLS HOSTEL | 3.39 | 15.81 | 0 | 18.77 | 0.43 |
| 2016-17 | GIRLS HOSTEL | 0.43 | 30.70 | 0 | 28.92 | 2.21 |
| 2017-18 | GIRLS HOSTEL | 2.21 | 28.22 | 0.12 | 30.43 | 0.12 |
| **योग** | | **6.02** | **74.73** | **0.12** | **78.12** | **2.75** |

(ब) केन्द्र पुरोनिधानित योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त निधि एवं व्यय विवरण निम्नवत हैः
शून्य
(स) कार्यक्रम/योजना/परियोजना के क्रियान्वयन मे संलग्न समितियों एवं एन०जी०ओ का विवरण:
शून्य
(iii) इकाई को बजट आवंटन राज्य सरकार द्वारा किया जाता है। स्थापना व्यय को छोड़कर इकाई "बी" श्रेणी की है। विभाग का संगठनात्मक ढांचा निम्नानुसार है।



**(iv) लेखापरीक्षा का कार्यक्षेत्र एवं लेखापरीक्षा विधिः** लेखापरीक्षा का कार्यक्षेत्र जिला परियोजना अधिकारी, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, देहरादून है तथा इस योजना से वित्त पोषित समस्त माध्यमिक विद्यालय है। यह निरीक्षण प्रतिवेदन कार्यालय जिला परियोजना अधिकारी, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, देहरादून, उत्तराखंड की लेखापरीक्षा में पाये गये निष्कर्षों पर आधारित है। माह **अक्तूबर 2015 & नवम्बर 2016 (RMSA)** एवं **सितम्बर 2015 & मार्च 2018 (IEDSS) सितम्बर 2016 & मार्च 2018 (Girls Hostel)** को विस्तृत जांच हेतु चयनित किया गया।

लेखापरीक्षा भारत के संविधान के अनुच्छेद 149 के अधीन बनाये गये नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के (कर्तव्य, शक्तियां तथा सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 (डी पी सी एक्ट, 1971) एवं लेखा तथा लेखापरीक्षा विनियम, 2007 तथा लेखापरीक्षण मानकों के अनुसार सम्पादित की गयी।

## भाग-दो-ब

**प्रस्तर–1- धनराशि रु. 17.44 लाख का अवरोधन।**

कार्यालय **जिला परियोजना अधिकारी/राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, देहरादून के** लेखापरीक्षा अवधि मार्च 2015 से मार्च 2018 के लेखा अभिलेखों की नमूना जांच मे पाया गया कि कार्यालय के द्वारा अनावर्ती मद के अंतर्गत प्रेषित धनराशि मे से लेखापरीक्षा तिथि तक निम्न अनावर्ती मदों मे धनराशि विद्यालय स्तर वर्ष 2011-12 से लंबित है जिसका विवरण निम्नवत है;

| मद | धनराशि (रु ) |
|---|---|
| विज्ञान उपकरण | 305630/- |
| फर्नीचर | 348212/- |
| वृहद मरम्मत | 1694/- |
| SMC/SMDC निर्माण कार्य | 1088842/- |
| **कुल** | **17,44,378/-** |

उक्त के संबंध मे इकाई द्वारा धनराशि विद्यलयों मे लंबित रहने के कारणों के बारे मे इंगित किए जाने पर इकाई द्वारा उत्तर दिया गया कि उक्त धनराशि विद्यालयों द्वारा पूर्ण व्यय नहीं किए जाने के कारण अवशेष है। संबन्धित विद्यालयों से अवशेष धनराशि मंगवाकर इसे राज्य परियोजना कार्यालय को वापस कर दिया जाएगा। इकाई का उत्तर मान्य नहीं है क्योंकि 6-7 वर्ष व्यतीत हो जाने के उपरांत भी विद्यालयों के द्वारा अव्ययतित धनराशि विद्यालयों के एसएमडीसी खाते मे अवरोधित पड़े है जबकि इसकी आवश्यकता नहीं होने पर डीपीओ कार्यालय को समर्पित कर दिया जाना चाहिए था।

अतः उक्त प्रकरण उच्चाधिकारियों के संज्ञान मे लाया जाता है।

## भाग-दो(ब)

**प्रस्तर-2- कार्यदायी संस्था को विवाद रहित कार्यस्थल उपलब्ध कराये बिना धनराशि जारी करने से रु. 128.30 लाख का अवरोधन।**

राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान अंतर्गत निर्माण कार्यों की स्वीकृति/प्राप्ति संबंधी विवरण में देखा गया कि वर्ष 2013-14 में निम्न निर्माण कार्य स्वीकृत किये गये थेः-

**(1)** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंजिका में मुख्य भवन निर्माण, लागत रु. 85.53 लाख।

**(2)** राष्ट्रीय उच्चर माध्यमिक विद्यालय टिमरा में मुख्य भवन निर्माण, लागत रु. 85.53 लाख।

**(3)** रा.उ.मा. विद्यालय, कंडोईधार में मुख्य भवन निर्माण लागत रु. 85.53 लाख उपरोक्त कार्यों के सापेक्ष अलग-अलग राशि रु. 42.765 लाख तथा इस प्रकार कुल राशि रु. 128.30 लाख कार्यदायी संस्था को निर्गत कर दिया गया था (मई 2014)। प्राप्त भूमि विवाद के कारण लंबित था। पंजिका एवं टिमरा के कार्यों का पुनः आगणन गठित किया जा रहा था। इस प्रकार भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित किये बिना कार्यदायी संस्था को रु. 128.30 लाख निर्गत किये गये थे, जो अवरोधित पड़ा हुआ था तथा कार्य के लागत में वृद्धि से इंकार नहीं किया जा सकता है।

लेखापरीक्षा में इंगित किये जाने पर इकाई द्वारा तथ्यों को स्वीकार करते हुये बताया गया कि भूमि के चयन/विवाद हल किये जाने के प्रयास किये जा रहे है। इकाई द्वारा विवाद रहित भूमि कार्यदायी संस्था को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किये बिना धनराशि जारी किये जाने से विगत चार वर्षों से धनराशि रु. 128.30 लाख के अवरोधन का तथ्य प्रकाश में लाया जाता है।

**भाग-III**

**विगत निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों का विवरण:**

| निरीक्षण प्रतिवेदन संख्या | भाग-II 'अ' प्रस्तर | भाग-II 'ब' प्रस्तर | स्टैन |
|---|---|---|---|
| 158/2015-16 | शून्य | 1,3 | 0 |

विगत निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों की अनुपालन आख्याः

| निरीक्षण प्रतिवेदन संख्या | प्रस्तर संख्या लेखापरीक्षा प्रेक्षण | अनुपालन आख्या | लेखापरीक्षा दल की टिप्पणी | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 158/2015-16 | भाग-दो(ब)- 1,2,3 STAN- 1 | | | भाग-2ब,प्रस्तर स0 2 एवं STAN-1 के निस्तारण की संस्तुति दी गयी है। इस पर पुनः प्रस्तर जारी किया जा रहा है |

## भाग-IV

## इकाई के सर्वोत्तम कार्य

--------------शून्य-----------

## भाग-V

## आभार

1. कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड, देहरादून लेखापरीक्षा अवधि में अवस्थापना संबंधी सहयोग सहित मांगे गये अभिलेख एवं सूचनांए उपलब्ध कराने हेतु जिला परियोजना अधिकारी, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, देहरादून, उत्तराखंड तथा उनके अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता है, तथापि लेखापरीक्षा में निम्नलिखित अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गयेः

**-शून्य-**

2. **सतत् अनियमितताएः**

-शून्य-

लेखापरीक्षा अवधि में निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा कार्यालयध्यक्ष का कार्यभार वहन किया गया

| क्रम सं0 | नाम | पदनाम | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1° | श्री सी0एन0 काला | जिला परियोजना अधिकारी | 18.01.2014 से 28.10.2016 |
| 2° | श्री मेहरबान सिंह बिष्ट | जिला परियोजना अधिकारी | 29.10.2016 से 21.11.2016 |
| 3° | श्री चेतन प्रसाद नौटियाल | जिला परियोजना अधिकारी | 22.11.2016 से 19.05.2017 |
| 4° | श्री यशवंत सिंह चौधरी | जिला परियोजना अधिकारी | 19.05.2017 से वर्तमान तक |

लघु एवं प्रक्रियात्मक अनियमितताएं जिनका समाधान लेखापरीक्षा स्थल पर नहीं हो सका उन्हें नमूना लेखापरीक्षा टिप्पणी में सम्मिलित कर एक प्रति कार्यालय जिला परियोजना अधिकारी, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, देहरादून उत्तराखंड को इस आशय से प्रेषित कर दी जायेगी कि अनुपालन आख्या पत्र प्राप्ति के एक माह के अन्दर सीधे उप महालेखाकार (सामाजिक क्षेत्र), कार्यालय प्रधान महालेखाकर (लेखापरीक्षा), उत्तराखंड, “महालेखाकार भवन”, कौलागढ़, देहरादून- 248195 को प्रेषित कर दी जाये।

**वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी/सा.क्षे.**